राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा



18 मार्च 2023: शनिवार: वर्ष– 03: अंक – 49

मेरी नानी सुपर नानी

आज की कविता

'मेरी नानी सुपर नानी। सब लोगों से ऊपर नानी। सब उसके सामने भरते पानी।' कुछ याद आया? नानी के यहाँ मौज मस्ती और किस्से कहानी के दिन याद आए ? चलो सुनते हैं नानी की ये मजेदार कविता वाली कहानी। पूरी कविता सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें ?

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Kids TV India

हमला हुआ है

आज की कहानी

खरगोश जंगल में खेल रहा था कि अचानक एक तरफ से उस पर तीरों से हमला हो गया। वह घबरा कर इसकी शिकायत राजा से करने निकला। उसे हिप्पो, हाथी, जिराफ़ और ऊंट मिले लेकिन उनमें से कोई भी राजा नहीं था। अंत में भालू मिला पर राजा वह भी नहीं था; लेकिन उसके हाथ में तीर धनुष जरूर था फिर क्या हुआ? पूरी कहानी देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Learn

प्याज

आज की किताब

एक अनजान शहर में कोई अजनबी चुपचाप प्याज रखकर चला गया। लोगों ने प्याज को देखा तो अलग अलग अंदाज लगाने लगे। रंग, गंध, छिलके को लेकर तरह तरह की बात फैलने लगी । फिर एक दिन एक महिला ने उसको पकाया और उसे एक कमाल का अनुभव हुआ । फिर तो उसका जादू चलने लगा। पूरी कहानी पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

कागज़ का कटोरा

आज की गतिविधि

आपने स्टील का, लड़की का, प्लास्टिक का कटोरा तो देखा ही होगा । लेकिन क्या कभी आपने कागज का कटोरा देखा है ? जिस पर स्टेशनरी का सामान रखा जा सके? आज हम कागज का रंगबिरंगा और मजबूत कटोरा बनाना सीखेंगे। इसके लिए आपको चाहिए होगा एक मजबूत चिकना कागज और थोड़ा गोंद। आइए देखते हैं इसे बनाने कि विधि ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

सार्थक रूप से सीखने में वर्कशीट

टीचर्स कॉर्नर

लॉकडाउन के दौरान बच्चों के सीखने की निरन्तरता को बनाए रखने के लिए वर्कशीट एक अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। इनकी सफलता इस बात पर निर्भर है कि इन्हें डिजाइन किस तरह से किया गया है। आँचल चोमल ने अपने आलेख में इन वर्कशीट को डिजाइन करने के सिद्धांत आदि पर विस्तार से बात की है। आलेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।



शिक्षकों के लिए। Learning Curve

सवा बड़ा चौथाई छोटा

हमारा पुस्तकालय

बच्चों के पढ़ना सीखने को लेकर सभी तरफ एक चिंता और बहस है। पढ़ना तो एक बुनियादी कौशल है। लेकिन पढ़ने के बाद भी पढ़कर समझने का अगला कदम कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है । सारी चिंता इस बात की होनी चाहिए कि क्या पढ़कर समझना हो रहा है या नहीं? कीर्ति जयराम अपने इस आलेख में इस मुद्दे पर बात कर रही हैं। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Sandarbh

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 151वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।